अगर गंभीर को हटाया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। गंभीर जैसे कोच को हटाने पर खिलाड़ियों को संभालना मुश्किल हो जाएगा। वे सच्चाई बोलते हैं और जरूरत पड़ने पर बड़े खिलाड़ियों को बाहर करने का साहस रखते हैं।
- मुनाफ पटेल

पूर्व भारतीय गेंदबाज, गौतम गंभीर को कोच पद से हटाने पर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

महेन्द्र सिंह धोनी

एमएस धोनी ने टीम के साथ हैदराबाद के लिए रवाना होकर अपनी वापसी के संकेत दे दिए हैं। चोट के कारण अब तक बाहर रहे धोनी शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। हालांकि अंतिम फैसला उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। धोनी ग्रोइन इंजरी के कारण आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्तों से बाहर चल रहे थे। इससे पहले वह गुवाहाटी और बेंगलुरु के दौरे पर भी टीम के साथ नहीं गए थेलेकिन इस बार उनका टीम के साथ यात्रा करना सोशल मीडिया पर चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।

क्या आप जानते हैं ?... इतिहास में विराट कोहली के एक सीजन में सबसे ज्यादा 973 रन (2016) और क्रिस गेल के नाबाद 175 रन (2013) शीर्ष रिकॉर्ड हैं।

पंजाब की आईपीएल 2026 में चौथी जीत, मुंबई को सात विकेट से हराया

नई दिल्ली, 16 अप्रैल। पंजाब किंग्स ने के मौजूदा सीजन में लगातार चौथी जीत हासिल की है। टीम ने गुरुवार को मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराया। यह पंजाब की मुंबई पर लगातार तीसरी जीत है। टीम ने पिछले सीजन में भी दो मैच जीते थे।

वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब ने 196 रन का टारगेट 16.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। इस जीत से पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम के पास 9 अंक हो गए हैं। रन चेज कर रही पंजाब की टीम ने

45 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में ओपनर प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ 139 रन की साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। वे 39 बॉल पर 80 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर 35 बॉल पर 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शार्दूल ठाकुर ने कैच आउट कराया।

मुंबई से इस सीजन का पहला मैच खेल रहे ओपनर क्विंटन डी कॉक ने 112 रन की शतकीय पारी खेली। 60 बॉल की पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। उनके अलावा, नमन धीर ने 50 रन बनाए। लेकिन, ये दोनों अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब ने सनराइज फुटबॉल क्लब को एकतरफा 5-0 से हराया

जयपुर, 16 अप्रैल। राजस्थान फुटबॉल संघ और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वाधान में जारी आर लीग डिवीज़न फुटबॉल लीग के आज तीन मैच खेले गए। पहला मैच ब्रदर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और जिंक फुटबाल अकादमी के बीच मैच खेला गया । जिसमें जिंक फुटबाल अकादमी ने एकतरफा अंदाज में 3-1 से मैच अपने नाम किया। मैच के 31 मिनट में अभीत ने पहला गोल किया दूसरा गोल मैच के 50 मिनट में करण ने किया। मैच का अंतिम गोल रियाज ने 94 मिनट में किया। वही ब्रदर्स यूनाइटेड की तरफ से 33 मिनट में राज मुखी ने गोल किया। दूसरा मैच ए स एल और रेहान फुटबाल क्लब के बीच खेला गया।

जिसमें ए स एल ने रेहान को 3-1 से हराया जिसमें ए स एल की तरफ से अमित ने 2 गोल (51ओर 55 मिनट) करण मिथल (78 मिनट) में गोल किया । रेहान की तरफ से एकमात्र गोल हिमांशु सिंह (18 मिनट) में किया। दिन का अंतिम मैच सनराइज फुटबॉल क्लब और जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब के मध्य खेला

गया जिसमें जयपुर सिटी ने एकतरफा अन्दाज से 5-0 से मैच अपने नाम किया जयपुर सिटी की तरफ से अनुज शर्मा (2 मिनट) अफ़ज़ल (18 मिनट) अंकित शर्मा (44 मिनट) हर्ष (68 मिनट) आदित्य (89 मिनट) में गोल किये। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुई आर लीग 1 महीने तक चलेगी। कुल 42 मैच खेले जाएंगे। अब तक 30 मैच खेले जा चुके हैं 19 अप्रैल को अगले तीन मैच खेले जाएंगे।

कैंडलविक क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 16 अप्रैल। अंडर-12 पिंकसिटी कप में कैंडलविक क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 211 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाएं। प्रणव कुमार ने सर्वाधिक 81 रनों का योगदान दिया। आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से निश्चयराज ने पांच विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब 34 ओवर में 161 रन पर ऑल आउट हो गई। अथर्व गुप्ता ने सर्वाधिक 78 रनों का योगदान दिया। कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की ओर से धनंजय जांगिड़ ने तीन विकेट लिए। प्रणव कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राजीव गांधी एकेडमी व राजस्थान यूथ जीती, निलय अरोड़ा का शतक

जयपुर, 16 अप्रैल। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर 17 में आज खेले गए मैचों में राजीव गांधी एकेडमी ने एस बी एस एकेडमी सीकर को 31 रनो से हराया तथा राजस्थान यूथ ने जयपुर ब्लूज क्लब को 10 विकेट से हराया।

आज प्रात: नारायणा ग्राउंड पर खेले गए मैच में राजीव गांधी एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिफान खान के 22 रन, निलय अरोड़ा के 129 रन, पुनीत यादव के 27 रन व ओजस शर्मा के 11 रनो से 44.4 ओवर में 242 रन बनाए। एस बी एस एकेडमी सीकर के लिए आर्यन ने 48 पर 5 विकेट लिए, तरुण कुमार, लवमीत गुर्जर व रोनित ने एक एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में एस बी एस एकेडमी सीकर की टीम अंकित पिलानिया के 48 रन, मयूर शर्मा के 22 रन, हेमंत के 22 रन, हर्षुल मील के 45 रन , लवमीत गुर्जर के 23 रन व आर्यन के 20 रनो से 48. 5 211 रन बना कर आउट हो गई। राजीव गांधी एकेडमी के लिए नवदीप सिंह ने 34 पर 4, शुभम गुर्जर ने 27 पर 3, गगन सोनी व निलय अरोड़ा ने एक एक विकेट लिया। दूसरे मैच में जी आर ग्राउंड पर राजस्थान यूथ ने टॉस जीतकर पहले

जयपुर ब्लूज को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

जयपुर ब्लूज की टीम कुणाल के 43 रन व गौरांश पारीक के 15 रनो से 26. 4 ओवर में 86 रनो पर सिमट गई। राजस्थान यूथ के लिए भावेश भगेला ने 16 पर 3, श्रेष्ठ आर्य ने 7 पर 2, मुकुल खांडल ने 20 पर 2, हर्षवर्धन सिंह ने 22 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ की टीम ने गौरव सैनी के 13 रन, आरव सराफ के 29 रन नाबाद व कुमार वासुदेव के 36 रन नाबाद से 13. 3 ओवर में बिना विकेट पर 87 रन बनाकर मैच जीत लिया।

वैशाली ने चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता, पहली भारतीय महिला बनी

नई दिल्ली, 16 अप्रैल। भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने 15 अप्रैल को साइप्रस के कैप सेंट जॉर्ज होटल में खेले गए फाइनल राउंड के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया। वैशाली ने फाइनल राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए रूस की अनुभवी खिलाड़ी कैटरिना लग्नो को हराया। 24 साल की वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अब वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देंगी। ओपनिंग से ही बनाई मजबूत पकड़: रूस की कैटरिना लग्नो ने मुकाबले की शुरुआत में सिसिलियन डिफेंस की ड्रैगन वेरिएशन अपनाई। यानी उन्होंने अपने किंग को सुरक्षित रखते हुए काले मोहरों को इस तरह जमाया कि उनका ऊंट (बिशप) कोने से लंबी दूरी तक असर डाल सके। इसके जवाब में वैशाली रमेशबाबू ने यूगोस्लाव अटैक खेला। मतलब, उन्होंने शुरुआत से ही सफेद मोहरों से किंग साइड पर तेज हमला करने की रणनीति अपनाई और खेल पर पकड़ बना ली। करीब 16वीं चाल तक वैशाली के पास साफ बढ़त थी। इसके बाद उन्होंने बिना जल्दबाजी किए रूसी खिलाड़ी की गलतियों का भी पूरा फायदा उठाया। 48वीं चाल पर लग्नो ने हार मान ली। आखिरी राउंड शुरू होने से पहले वैशाली रमेशबाबू और कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा 7.5 अंको के साथ बराबरी पर थीं। आखिरी मुकाबले में कजाकिस्तानी खिलाड़ी को भारत की दिव्या देशमुख ने ड्रॉ पर रोक दिया। इसका फायदा वैशाली को मिला, जिससे उन्हें बढ़त हासिल हुई और वे चैंपियन बन गईं। वैशाली टूर्नामेंट में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी थीं। पहले चार मुकाबले ड्रॉ रहे और पांचवें में हार मिली।

Office Of The Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

No.- **-:: Notice Of Inviting Bid ::-** Date-

Bid For Rate Contract Of Construction Material supply As Below Are Anvited From Interested Bidders Under Gram Panchayat Keshwana Of Panchayat Samiti Sayla. Other Particulars Of The Bid May Be Visited On The Procurement Portal(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) Of The State; And Notice Board Of This Office.

NAME OF GRAM PANCHAYAT	UBIN	ESTIMATE BID COST
GP Keshwana, Material RC	ZJR2627GLRC00065	100.00 LAKH

DIPR/C/6909/2026

BDO Cum Program Officer (EGS)
Panchayat Samiti Sayla, (Jalore)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला वृत, जयपुर

क्रमांक:- 286-95 निविदा सूचना संख्या 01/2026-2027 से 04/2026-2027 दिनांक:- 10.04.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्यूमेन्ट के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त सभी निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन sppp.rajasthan.gov.in निम्नानुसार कर दिया गया है:-

क्र.सं.	निविदा संख्या	आई.डी. नम्बर	अपलोड की दिनांक
1	01/2026-27	UBNPHE2627WSRC00244	10-4-2026
2	02/2026-27	UBNPHE2627WSRC00245	10-4-2026
3	03/2026-27	UBNPHE2627WSRC00246	10-4-2026
4	04/2026-27	UBNPHE2627WSRC00247	10-4-2026

(हिमांशु मील) अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग जिला वृत, जयपुर

DIPR/C/6921/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर

क्रमांकः अअ / सांचौर/2026-27/15 दिनांकः 08-04-2026

निविदा सूचना संख्या 01 वर्ष 2026-2027
NIB No. PWD2627A0067

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक मरम्मत कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 65.00 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख	10 अप्रेल 2026, 9:30 बजे से 22 अप्रेल 2026, सायं 06:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू बी.एन संख्या निम्नानुसार है।
PWD2627WSOB00284, PWD2627WSRC00293
PWD2627WSRC00288, PWD2627WSRC00295
PWD2627WSRC00289, PWD2627WSOB00297

(प्रदीप पंवार)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/6796/2026

5वीं एशियन बीच कबड्डी गेम्स : राजस्थान के 4 खिलाड़ी बिजेंद्र, जितेंद्र, जयभगवान और मनप्रीत को मिली जगह

जयपुर, 16 अप्रैल। चीन के सान्या में 22 से 27 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली 5वीं एशियन बीच कबड्डी गेम्स के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस बार भारतीय दल में राजस्थान के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

पुरुष वर्ग में राजस्थान के बिजेंद्र सिंह चौधरी, जितेंद्र यादव और जयभगवान को जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में मनप्रीत कौर भारतीय टीम का हिस्सा होंगी। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी संघ के निदेशक और राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। राजस्थान की कबड्डी टीमों ने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने बोधगया, बिहार में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 और 38वें राष्ट्रीय खेल, ऋषिकेश-शिवपुरी, उत्तराखंड 2025 में गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा मछलीपट्टनम, आंध्र प्रदेश में हुए राष्ट्रीय खेल 2026 सिल्वर मेडल और खेलो इंडिया दमन-दीव 2026 में पुरुष व महिला दोनों वर्गों में राजस्थान ने गोल्ड पदक हासिल किए। राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि "यह पूरे राजस्थान के लिए गर्व का क्षण है। इन चारों खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चुना जाना युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा।

मुझे पूरा विश्वास है कि ये खिलाड़ी टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि "बीच कबड्डी को लेकर राज्य में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इस चयन के बाद स्कूल और कॉलेज स्तर पर भी इस खेल को नई गति मिलेगी। हमारी कोशिश रहेगी कि राजस्थान में बीच कबड्डी के लिए बेहतर आधारभूत ढांचा और प्रशिक्षण सुविधाएं तैयार हों।" गहलोत ने सभी चयनित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राज्य ओलंपिक संघ ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देगा। इसके साथ ही भारतीय कबड्डी संघ के अध्यक्ष विभोर जैन और राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बराड़ ने भी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान के खिलाड़ियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन राज्य में कबड्डी के मजबूत ढांचे और प्रशिक्षण का परिणाम है।

अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग

मिनर्वा क्लब ने 4 विकेट से आरबीआई रिक्रिएशन क्लब को पराजित किया

जयपुर,16 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ के कन्वीनर राजेश कुमार ताम्बी ने बताया की संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में मिनर्वा क्लब ने मोहम्मद शादाब के ऑलराउंड प्रदर्शन 4 विकेट एवं अर्धशतक की बदौलत आर बी आई रिक्रिएशन क्लब को 4 विकेट से हराया। आज प्रात: के एल सैनी स्टेडियम पर पूल ए के दूसरे मैच में मिनर्वा क्लब ने टॉस जीतकर आर बी आई रिक्रिएशन क्लब को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया , तथा आर बी आई टीम को 37.2 ओवर में 220 रनों पर समेट दिया जिसमें मितेश ने सर्वाधिक 53 रन बनाए तथा शक्ति सिंह 41, महिपाल 39, गोपेश कुमार 31व प्रणय शर्मा ने 19 रन का योगदान दिया मिनर्वा क्लब की ओर से मोहम्मद शादाब ने 22 पर 4, विनीत शर्मा 29 पर 2 रियान सेबेस्टियन ने 33 पर 2 तथा साईं ओम प्रिंजा ने 37 पर 1विकेट लिया

जवाबी पारी में मिनर्वा क्लब टीम ने अमरनाथ के 86 रन, मोहम्मद शादाब के 57 रन, रोहित सैनी 24 रन, जपिंदर सिंह के 17 रन साईं ओम 15 रन की पारियों से 39.3 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया आर बी आई के लिए मितेश ने 33 पर 3, गोपेश कुमार ने 44 पर 2, व राजेश बिश्नोई जुनियर ने एक विकेट लिया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत-जालोर

Tel: 02973-223548, Email:secircle.jal.phed@rajasthan.gov.in/ sephedjalore@yahoo.com

क्रमांकः- वृत / जालोर / निविदा/ /2026-27/ दिनांकः-

बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 01 / 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334 (ए) (iii) के तहत रू. 250.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों मे उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से पूर्ण थरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है:-

बिड संख्या	NIB No.-PHE2627A0153	अनुमानित लागत (लाखों मे)	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	बिड शुल्क (रूपयें)	ई-प्रक्रिया शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01/2026-27	UBN-PHE2627WSRC00314	200.00	400000/-	2000/-	2000/	12 माह

ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि	13.04.2026
ऑनलाईन बिड डाउनलोड / अपलोड करने की अन्तिम तिथि	23.04.2026 को 6.00 पी.एम.
ऑनलाईनबिड खोलने की तिथि	24.04.2026 को 2.00 पी.एम.

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(संजय शर्मा)
अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियात्रिक विभाग, वृत-जालोर

DIPR/C/6949/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग खण्ड भीनमाल

मालवीय नगर भीनमाल 343029

फोन नं. 02000-220, E-Mail:- phedbhin@gmail.com

क्रमाकः-अअ/जनस्वा/भी./त.स./2026-27/68-84 दिनांकः-10.04.2026

बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 01-07/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड भीनमाल में निम्नलिखित कार्यों के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत जो उपयुक्त पात्रता रखते है, संवेदको से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं पात्रता की शर्तें वेबसाईट www.dipronline.org, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा ऑनलाईन इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट http://eproc.rajasthan.gov.in में प्रस्तुत की जानी है।

बिड संख्या	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाखों मे)	धरोहर राशि (लाख रु.) 2 प्रतिशत	बिड शुल्क रु.	प्रक्रिया शुल्क रु.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	UBIN No.
01/2026-27	Annual Repair & priventive maintenance of Centrifugal Pump Sets of pumphouses and their panels, Sumbersible Pump Sets and their panel of Tube Well and Running of Pumphuses at Junjani With Daily Valve Operation in water supply scheme Modara, Serna, Dhansa, Junjani, Dhumbadiya & Morseem under Sub Division Bhinmal Rural in Division Bhinmal (Jalore)	21.27	42540/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00231
02/2026-27	Annual Rate Contract for providing Household Service Connections (HSCs) including One Year DLP under UWSS Division Bhinmal	20.00	40000/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00233
03/2026-27	Removal of Leakages and Repairing of various pipe lines under Sub Division Raniwara	10.00	20000/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00234
04/2026-27	Removal of Leakages and Repairing of various pipe lines under Sub Division Bhinmal Rural	10.00	20000/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00235
05/2026-27	Removal of Leakages and Repairing of various pipe lines under Sub Division Jaswantpura	10.00	20000/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00236
06/2026-27	Cutting, Threading, Welding etc. work under Sub Division Raniwara	6.00	12000/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00237
07/2026-27	Repairing of Hand Pump under Sub Division Raniwara	6.00	12000/-	500/-	500/-	12 माह	PHE2627 WSRC00238

निविदादाता को आईटी एक्ट 2000 के तहत डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट प्राप्त कर डिजिटल हस्ताक्षर युक्त निविदा प्रस्तुत करनी होगी। इसके अभाव में निविदा मान्य नहीं होगी।

पानी बचाओं-जीवन बचाओं

निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि	13.04.2026
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	23.04.2026 मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय	23.04.2026 मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक
प्री-क्वालिफिकेशन बीड खोलने की तिथि एवं समय	24.04.2026 मध्यान्ह पश्चात् 3.30 बजे

(प्रशान्त कुमार) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड भीनमाल

DIPR/C/6867/2026

जिला संघों के फीडबैक से राज्य में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर व खेल वातावरण में करेंगे महत्वपूर्ण सुधार : डॉ. मोहित

जयपुर 16 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य में खेल के विकास व विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिसे राज्य के युवा खिलाडियों को एक उच्च स्तरीय क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर व सुलभ खेल वातावरण मिले। डॉ मोहित जसवंत यादव, संयोजक आरसीए एडहॉक कमेटीने बताया के हमारी एडहॉक कमेटी ने पदभार ठाहण करने के साथ ही राजस्थान की क्रिकेट को पुन: पटरी पर लाने , उच्च स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर व सुविधाओं सहित सरल पारदर्शी खेल माहौल व समन्वय को विकसित करने के लिए हर स्तर पर सभी जिला संघोव खिलाडियों से समन्वय व उनके महत्वपूर्ण सुझावों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संयोजक के अनुसार आज आरसीएऑफिस, सवाई मान सिंहस्टेडियम में आरसीएएडहॉक कमेटी की पहल पर जिला क्रिकेट संघोके साथ समन्वय स्थपित करने के पहले चरण में आरसीएके 7 जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों की बैठक हुई जिसमेआरसीए एडहॉक कमेटी के साथ जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधि सुशील

शर्मा, सचिव, चूरू जिला क्रिकेट संघ, हरीश सिंह, सचिव झुंझनू जिला क्रिकेट संघ, बृजकिशोर उपाध्याय, सचिव दौसा जिला क्रिकेट संघ, राजेश ताम्बी, संयोजक जयपुर जिला क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटीने भाग लिया। मीटिंग में मुख्य रूप से राज्य में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उच्च स्तर पर विकसित करने व युवा खिलाडियों के लिए बेहतर खेल वातावरण तैयार करने के लिए सभी उपस्थित जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों ने अपने महत्वपूर्ण फीडबैक दिए जिसमे ठीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर, खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, आरसीए स्पोर्ट्स स्टाफ, क्रिकेट गतिविधियों पर फीडबैक मिला। एडहॉक सदस्य आशीष तिवाड़ीके अनुसार एडहॉक कमेटी राजस्थान क्रिकेट संघ के सभी 33 जिला क्रिकेट संघो से समन्यव कर उनकी आवश्यकताओं व समस्याओं का समाधान कर जिला क्रिकेट संघो के साथ सामंजस्य कर राज्य के युवा खिलाडियों के लिए उचित अवसर व खेल वातावरण बना राजस्थान क्रिकेट संघ को नई उंचाईयों पर ले जाने की दिशा में लगातार अथक प्रयास कर रही है. आज 7 जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों की बैठक में इस संबधमें गहन चर्चा हुई। एडहॉक कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवीने बताया की कमेटी जल्द से जल्द आरसीए के शेष जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों के साथ आगामी 10 दिनों में राज्य के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को उच्च स्तर पर विकसित करने व युवा खिलाडियों के लिए बेहतर खेल वातावरण तैयार करने के लिए सभी 33 जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों के महत्वपूर्ण फीडबैक लिए जाएं व उनकी समीक्षा कर जिला क्रिकेट संघो के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए आरसीए के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को राज्य के युवा खिलाडियों के हितों के अनुसार ही विकसित किया जाये।